## न्यूज ब्रीफ

### 711 ग्राम स्मैक के साथ दो गिरफ्तार

**मीरगंज** :पुलिस ने बुधवार को दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।उनके कब्जे से 711 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की गई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 15 लाख रुपये है।पुलिस के अनुसार, मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर कस्बा चौकी प्रभारी पंकज कुमार के नेतृत्व में एक टीम ने कार्रवाई की।टीम ने गांव परौरा मोड़ के पास घेराबंदी कर दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोका तलाशी के दौरान उनके पास से स्मैक मिली।पूछताछ में आरोपियों की पहचान सालिम पुत्र शकील और नवेद पुत्र निहालुद्दीन के रूप में हुई।ये दोनों फरीदपुर के निवासी हैं।

### आशाओं ने सीएचसी प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

**क्योलड़िया, अमृत विचार** : भदपुरा ब्लॉक की आशा कार्यकर्ताओं ने बुधवार को सीएचसी प्रभारी डॉ मुगीश को ज्ञापन सौंपकर लंबित भुगतान की मांग की।बताया कि वे आर्थिक तंगी से जूझ रही हैं आशाओं ने अनुरोध किया कि जब तक उनका भुगतान नहीं किया जाता, तब तक उन पर कार्य का दबाव न बनाया जाए। इस दौरान मंडल अध्यक्ष मंजू पटेल, ओमवती, सूरजा, कामिनी, किरन, गौरी, राजेश्वरी, हरप्यारी,आदि रहीं।

# कार न मिलने पर बारातियों का हंगामा, बिन दुल्हन लौटी बारात

## निकाह के बाद ठंडे खाने पर विवाद, मारपीट-तोड़फोड़,दूल्हा समेत 20 नामजद

संवाददाता, भोजीपुरा

**अमृत विचार :** थाना भोजीपुरा क्षेत्र के कस्बा धौरा टांडा में एक शादी समारोह उस समय विवाद में बदल गया, जब निकाह के बाद दहेज में कार न मिलने और खाने को लेकर बारातियों ने हंगामा खड़ा कर दिया। वार्ड नंबर 7 निवासी अब्दुल जलील ने अपनी पुत्री नायला का विवाह वार्ड नंबर 10 निवासी तौसीफ के साथ तय किया था। 19 अप्रैल की रात बारात धूमधाम से रहीस पैलेस पहुंची, लेकिन देर रात करीब एक बजे बारात आने के बाद जल्दबाजी में निकाह की रस्म पूरी कराई गई।

वधू पक्ष के मुताबिक, निकाह के बाद आधे बाराती भोजन कर चुके थे। जब दूल्हा तौसीफ बाकी बरातियों के साथ खाने पहुंचा तो खाना ठंडा होने की बात कहकर नाराज हो गया। इसी दौरान दहेज में कार न मिलने की बात उठाते हुए दूल्हा और उसके साथी उग्र हो गए। आरोप है कि देखते ही



तोड़फोड़ के बाद टूटी कुर्सियां

देखते बारातियों ने कुर्सी-टेबल तोड़फोड़ शुरू कर दी और माहौल अफरातफरी में बदल गया।

वधू के भाई नदीम का कहना है कि समझाने के बावजूद दूल्हा पक्ष नहीं माना और मारपीट पर उतारू हो गया। इस दौरान दूल्हे के पिता समेत कई बारातियों ने लड़की पक्ष के लोगों के साथ मारपीट की, जिसमें तीन-चार लोग घायल हो गए। घायलों का मेडिकल कराया गया है।

आरोप यह भी है कि हंगामे के बाद बाराती शादी में दिया जाने वाला सामान और जेवरात समेटकर ले गए और दुल्हन को सजी-धजी हालत में छोड़कर चले गए। साथ ही, शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई।

भोजीपुरा थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि वधू पक्ष की तहरीर पर दूल्हा तौसीफ समेत 20 नामजद और कुछ अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

- निकाह के बाद आधे बराती कर चुके थे भोजन, बाद में पहुंचा दूल्हा
- शादी में दिया जाने वाला सामान और जेवरात ले जाने का आरोप

### शीशगढ़ में बारात चढ़ाते समय हार्टअटैक से बैंड संचालक की मौत,घर में कोहराम

शीशगढ़ : अमृत विचार रामपुर के रास दढ़िया गांव में बारात चढ़ाते समय हृदय गति रुकने से एक बैंड संचालक की मौत हो गई।मृतक की पहचान शीशगढ़ आशिक उर्फ हीरा बैंड के रूप में हुई है। यह घटना मंगलवार रात की है। आशिक रामपुर के रास दढ़िया गांव में एक बारात में बैंड बजाने गए थे।बारात चढ़ाते समय उन्हें अचानक पसीना आया और वे वहीं गिर पड़े। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें तुरंत पास के मिलक स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचाया।वहां डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए बरेली रेफर कर दिया।बरेली पहुंचने पर डॉक्टरों ने आशिक को मृत घोषित कर दिया।मृतक आशिक के छह बच्चे हैं, वह बैंड बाजे का काम करके अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे

# शादी का झांसा देकर किया दुराचार,रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता,नवाबगंज

- एसएसपी के आदेश पर दो मामलों में पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार :** नगर में महिलाओं के साथ शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने के दो अलग-अलग मामले सामने आए हैं। दोनों मामलों में पीड़िताओं की शिकायत पर एसएसपी के निर्देश के बाद पुलिस ने दुराचार की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पहले मामले में कस्बे की एक युवती ने अपने पड़ोसी युवक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। युवती का कहना है कि आरोपी उसे शादी का भरोसा देकर बरेली और पीलीभीत ले गया, जहां उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता के अनुसार आरोपी उसे गर्भधारण से बचाने के लिए दवाइयां भी देता था। युवती ने एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में यह भी बताया कि उसने पहले नवाबगंज पुलिस से शिकायत की थी, लेकिन उस समय मामला केवल छेड़छाड़ की धाराओं में दर्ज कर लिया गया और दुराचार की धारा शामिल नहीं की गई।

एसएसपी के हस्तक्षेप के बाद अब पुलिस ने आरोपी नाजिम के खिलाफ दुराचार का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

दूसरे मामले में कस्बे की ही एक तलाकशुदा महिला ने अपने मौसेरे देवर पर आरोप लगाया है कि उसने प्रेमजाल में फंसाकर शादी का वादा किया और तीन वर्षों तक उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। अब आरोपी शादी से इंकार कर रहा है और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है।

इस मामले में भी पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि दोनों मामलों में साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## अचानक ब्रेक लेने से डीसीएम गिरी, कई गाडियां भिड़ीं

**फरीदपुर अमृत विचार :** बुधवार को दोपहर ग्राम सरकडा मोड़ फरीदपुर पर डीसीएम के चालक ने सामने आ रही गाड़ियों को बचाने के चक्कर में अचानक ब्रेक ले लिये। इससे डीसीएम अनियंत्रित होकर दूसरी साइड में जा गिरी, डीसीएम चालक मौके से भाग गया है।

चालक के अचानक ब्रेक लेने से पीछे से आ रही अन्य गाड़ियां आपस मे टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। इसमें स्कॉर्पियो , बैगनार टेंपो आपस में एक के बाद एक टकराते गए। टक्कर में जनहानि नहीं हुई लेकिन वाहन क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर पहुची पुलिस ने टकराये हुए वाहनो को हाइवे से किनारे करा कर यातायात चालू करा दिया। टेंपो ड्राइवर बुन्दन पुत्र असगर निवासी ग्राम बिहारकलां थाना इज्जतनगर जो कि गंभीर अवस्था में घायल थे उन्हें तत्काल पुलिस ने एंबुलेंस से सीएचसी फरीदपुर भिजवा दिया ।

# चोरी का रोड रोलर बरामद कबाड़ी का पुत्र गिरफ्तार

संवाददाता,हाफिजगंज/नवाबगंज

**अमृत विचार :** नवाबगंज क्षेत्र से चोरी हुआ रोड रोलर हाफिजगंज पुलिस ने बरामद कर लिया है। मामले में कम दाम में खरीदने वाले कबाड़ी के पुत्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया, जबकि मुख्य आरोपी फरार है।

थाना प्रभारी प्रवीन सोलंकी ने बताया कि पीलीभीत के न्यूरिया निवासी मोहम्मद फहीम ने 18 अप्रैल को नवाबगंज थाने में रोड रोलर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने जांच के दौरान मुखबिर की सूचना पर बकैनिया तिराहे से संदिग्ध युवक रिजवान को पकड़ लिया। उसके कब्जे से चोरी गया रोड रोलर बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि 19 अप्रैल को शाहजहांपुर निवासी मोहन मिश्रा हाइड्रा वाहन से रोड रोलर उसकी कबाड़ की दुकान पर लाया था।



रोड रोलर के साथ पकड़ा गया आरोपी।

कागज मांगने पर उसने मशीन चोरी की बताई, इसके बावजूद रिजवान ने उसे एक लाख रुपये में खरीद लिया।

पुलिस के अनुसार आरोपी रोड रोलर को छिपाने या कटवाने की फिराक में था, तभी उसे दबोच लिया गया। गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दी गई है और जल्द ही उसे भी पकड़ लिया जाएगा।

# बच्चों ने अर्थ डे पर पर्यावरण बचाने का लिया संकल्प

संवाददाता, मीरगंज,

**अमृत विचार :** बीडीएम पब्लिक स्कूल में अर्थ डे उमंग के साथ मनाया गया, जिसमें विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना रहा।इस अवसर पर किंडरगार्टन एवं कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों द्वारा पौधारोपण अभियान आयोजित किया गया।

कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों के लिए पोस्टर प्रतियोगिता एवं आर्ट डेकोर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने अपनी सृजनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों के लिए "आवर पावर आवर प्लानेट" विषय पर सेमिनार एवं पावरपॉइंट प्रस्तुति प्रतियोगिता आयोजित की गई। सभी प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के वाइस चेयरमैन आंचल मिश्रा ने जागरूकता अभियान का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्या डॉ. चारू खन्ना सहित शिक्षक और अभिभावक मौजूद रहे।



बच्चों के साथ शिक्षक। ● अमृत विचार

- स्कूलों में हुए विभिन्न कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साह से भाग लिया

### हमारी शक्ति हमारा गृह थीम पर हुए कार्यक्रम

फरीदपुर में वेदान विनायक इंटरनेशनल स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस अत्यंत उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया।इस वर्ष की थीम ''हमारी शक्ति हमारा गृह के अनुरूप विद्यालय में कई शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया छात्रों ने एक पेड़ माँ के नाम मुहिम के तहत पौधारोपण किया। सीएमडी डॉ. अमीद मुराद ने सभी को 'रिड्यूस रीयूज और रीसायकल' के नियम को अपनाने की सलाह दी समारोह के अंत में सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों ने पर्यावरण को स्वच्छ और हरा-भरा रखने की सामूहिक शपथ ली। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### एडम्स स्कूल में बच्चों ने मां के नाम लगाया पौधा , प्रदर्शनी भी लगी

**बहेड़ी अमृत विचार** : विश्व पृथ्वी दिवस पर एडम्स स्कूल में पौधा रोपण किया गया। ड्राइंग और पेंटिंग कम्पटीशन हुआ।विज्ञान प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें बच्चों ने मनमोहक मॉडल्स लगाए। नर्सरी से लेकर कक्षा 8 तक के सभी बच्चों ने इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।बच्चे पौधे लेकर स्कूल आए।स्कूल के एमडी गुलरेज़ अली और चेयरमैन शाईस्ता अली ने बच्चों के साथ मिलकर पौधारोपण किया।फहद खान ने होलोग्राफिक इमेज का मॉडल बनाया, जबकि अर्शम फरीद आलिया फहीम ने चंद्रयान-3 का वर्किंग मॉडल पेश किया।मरियम अज़ीम ने नेचुरल वाटर प्यूरीफायर का मॉडल बनाया जिसकी काफी सराहना की गई।नर्सरी के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भी उम्मीद से कहीं बेहतर मॉडल बनाकर सबको हैरान कर दिया।कार्यक्रम में सभी स्टाफ मौजूद रहा।



### खेलकूद प्रतियोगिता में केवी इफको में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

आंवला अमृत विचार : केंद्रीय विद्यालय इफको आंवला में बुधवार को तीन दिवसीय 55वीं संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता (बालिका) का शुभारंभ हुआ।इस प्रतियोगिता में लखनऊ संभाग के विभिन्न केंद्रीय विद्यालयों से आईं 83 छात्राओं और 23 एस्कॉर्ट्स ने हिस्सा लिया है।कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सत्यजित प्रधान (अध्यक्ष, केवी इफको ) ने किया।उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में केतकी प्रधान, आर.के. शर्मा और अमित गुप्ता उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के पहले दिन बैडमिंटन, लॉन टेनिस और बास्केटबॉल के कड़े मुकाबले देखने को मिले।लॉन टेनिस (आयु वर्ग 17) पीएम केवी अलीगंज लखनऊ की छात्रा अवनी भाटिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## न्यूज डायरी

### गांव में न हो गंदगी और जलभराव,सीएमओ ने किया निरीक्षण

**बिथरी,अमृत विचार** : रोज़ रो सीएमओ ने संचारी और दस्तक अभियान को लेकर बिथरी के चेना मुरारपुर और रूपापुर गांव में निरीक्षण किया।उन्होंने ग्रामीणों को साफ सफाई रखने सहित संचारी रोंगो से बचाव के उपाय बताए।इसके बाद उन्होंने मल्लहपुर स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया।बुधवार को सीएमओ डॉ विश्राम सिंह,एडीओ पंचायत शिखर गुप्ता और मलेरिया अधिकारी सतेंद्र कुमार के साथ चेना मुरार पुर और रूपापुर गांव में एंटी लार्वा का छिड़काव, झाड़ियों की कटाई और नालियों की साफ सफाई का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने प्रधान प्रतिनिधि से कहा कि गांव में किसी प्रकार की गंदगी और जलभराव न हो,इसका विशेष ध्यान रखा जाए। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ उत्तरा शर्मा,धीरेंद्र सिंह,योगेंद्र सिंह,शिवानी,शिवम सिंह,राजेन्द्र कोली,सुमंगला, भाग्यवती,कलावती सहित अन्य उपस्थित रहे।



### भव्य कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय अनुष्ठान शुरू



**रिठौरा,अमृत विचार :** मां वैष्णो देवी प्राण प्रतिष्ठा का तीन दिवसीय कार्यक्रम बधुवार को भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ।कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं और श्रद्धालुओं ने भाग लिया, यात्रा का नेतृत्व में विश्व हिंदू महासंघ के धर्माचार्य प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष महंत तुलसीदास महाराज एवं महंत लाल कश्यप ने किया।यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मंदिर तक पहुंची, जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत -सम्मान किया गया।कार्यक्रम में सभासद मनोज कश्यप, पप्पू लाल कश्यप, विनोद कश्यप, पोशाकी साहू, संतोष कश्यप, अमित कश्यप, पंडित शिवकुमार, चिरंजीव मिश्रा, साहिल कश्यप, जयवीर सिंह आदि मौजूद रहे।शुक्रवार को मुख्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।मां वैष्णो देवी की प्राण प्रतिष्ठा विधि-विधान के साथ संपन्न होगी।

### केएसजी इंटर कॉलेज में 600 बच्चों ने कराई दांतों की जांच

**मीरगंज अमृत विचार** : केएसजी इंटर कॉलेज में विद्यार्थियों के लिए नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर लगाया गया।बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट आफ डेटल साइंसेज की तरफ से लगाए शिविर में बच्चों को दांत और मुंह की सफाई के तरीके बताने के साथ साथ उनके दांतों की भी चेकिंग की गई।इस दौरान बच्चों को ब्रश और टूथपेस्ट भी वितरित किये गये। शिविर में लगभग 600 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।छात्र छात्राओं ने अपने दांतों की जांचे कराई साथ ही दांतों की किस प्रकार से अच्छे से देखभाल की जाए उसकी जानकारी भी दी गईइस दौरान छात्र छात्राओं के अभिभावकों की भी मौजूदगी रही।इस दौरान विद्यालय के अध्यक्ष केतन गुप्ता, प्रबंधक रामपाल गुप्ता, उप प्रबंधक कुश गुप्ता, प्रधानाचार्य निश्चल गुप्ता एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं और इंस्टीट्यूट का स्टाफ मौजूद रहा।




### फरीदपुर में भाजयुमो ने कांग्रेस का पुतला दहन किया



**फरीदपुर अमृत विचार** : फरीदपुर नगर में जन आक्रोश महिला पद यात्रा का आयोजन भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष प्रतुल अग्रवाल के नेतृत्व में किया गया।पदयात्रा निकालने के बाद कांग्रेस का पुतला दहन किशोर चंद्र कन्या इंटर कॉलेज के सामने किया गया।युवा मोर्चा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं के महिला बिल के समर्थन में कांग्रेस का पुतला फूंका।इसमे अर्चना सिंह , राधा रानी , छवि अग्रवाल ,अंशुल गुप्ता , शिल्पी मिश्रा , विनोद राठौड़ब्रहामांशंकर गुप्ता अनिल कश्यप राजेश गुप्ता युवा मोर्चा के निमिश शंखधार विशाल सिंह वैवभ गुप्ता अमित राठौर आदि उपस्थित रहे।

# शुभलेश की ताजपोशी पर तहसीलों में भी जश्न

संवाददाता, फतेहगंज पूर्वी

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष पद पर शुभलेश यादव की घोषणा के बाद नगर के सपा कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर जश्न मनाया। जश्न के दौरान सपा के वरिष्ठ नेता रामसेवक शर्मा, पूर्व चेयरमैन शब्बीर अहमद, इकरार अंसारी,फारूक अहमद ,सुनील सोलंकी, प्रमोद शर्मा, बली अहमद, राजपाल सिंह यादव, समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**नवाबगंज** में विभिन्न नेताओं ने बधाई देते हुए संगठन को मजबूत करने की उम्मीद जताई। बधाई देने वालों में विधानसभा अध्यक्ष अनिल गंगवार, सैंथल चेयरमैन कंबर एजाज़ शानू, नरोत्तम दास गंगवार (मुन्ना), पुरुषोत्तम गंगवार,अनिल गंगवार, प्रधान संघ अध्यक्ष प्रहलाद गंगवार, युवा नेता प्रो. राशिद अंसारी, भगवान दास (मुन्ना), पूर्व सभासद तसव्वर हुसैन अंसारी, डॉ विजय पाल गंगवार,वीरपाल गंगवार,उमेंद्र गंगवार समेत बड़ी संख्या में सपाई शामिल रहे।

**रिठौरा,** समाजवादी पार्टी के शुभलेश यादव के जिलाध्यक्ष बनने पर नगर में पूर्व सभासद धर्मेंद्र उर्फ बाबू यादव के आवास पर मिठाईयां बांटी गई, आतिशबाजी जलाकर खुशी जताई इस दौरान सुमित गुप्ता, अंकित सक्सेना, वीरपाल यादव, डब्लू यादव, अर्जुन यादव, वीरपाल,सन्नू सरदार, खालिद खान,राजा खान आदि मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने कहा कि कई दिनों से निष्क्रिय चल रहे संगठन में अब जान आएगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने ऊर्जावान , सांग्ठनिक क्षमता में दक्ष, अनुभवी नेता को दोबारा कमान सौंपी है।

## स्कूल न खुलने पर बीईओ कार्यालय के बाहर लगी कक्षाएं

**नवाबगंज, अमृत विचार :** ब्लॉक के ग्राम मल्लहपुर स्थित स्कूल न खोले जाने के विरोध में पैनी नजर सामाजिक संस्था की अध्यक्ष सुनीता गंगवार ने खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के बाहर बच्चों की कक्षाएं लगाकर प्रदर्शन किया। करीब तीन घंटे तक बच्चों को वहीं पढ़ाया गया। सुनीता गंगवार ने कहा कि सरकार और न्यायालय के निर्देश के अनुसार एक किलोमीटर से अधिक दूरी वाले स्कूलों को खोला जाना चाहिए, लेकिन शिक्षा विभाग इस पर अमल नहीं कर रहा है, जिससे बच्चों के शिक्षा के मौलिक अधिकार का हनन हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्कूलों के मुद्दे पर स्थानीय स्तर पर राजनीति की जा रही है, । संस्था अध्यक्ष ने चेतावनी दी कि यदि जल्द स्कूल नहीं खोला गया तो अनिश्चितकालीन रूप से इसी तरह कक्षाएं चलती रहेंगी, बीईओ ने बताया कि स्कूल की फाइल लखनऊ भेज दी गई है ।

# बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने पर शिक्षकों ने की चर्चा

संवाददाता,शेरगढ़

- न्याय पंचायतों में संकुल स्तरीय बैठक में जुटे शिक्षक
- शिक्षकों ने स्कूल की पहचान बढ़ाने के लिए दिए टिप्स

**अमृत विचार :** न्याय पंचायतों में संकुल स्तरीय मासिक समीक्षा बैठकों का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों को निपुण बनाने पर जोर दिया गया। ब्लॉक की न्याय पंचायतों दुनका,नगरिया कलां,शरीफ नगर,बशुधरन जागीर,सहोड़ा,हल्दीकला, पंडरी,गुलड़िया, चठिया क्षेत्र के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में संकुल बैठकों का आयोजन किया गया। इन बैठकों में नवीन नामांकन,बच्चों के ठहराव,ड्राप आउट और आउट ऑफ स्कूल बच्चों की पहचान आदि पर चर्चा की गई।

बच्चों को विद्यालय से जोड़ने की गतिविधियों,सीखने का स्तर कैसे पहचाना जाए, विशेष अनुसमर्थन को कैसे प्रभावी बनाया जाए,बच्चों की नियमित उपस्थिति कैसे सुनिश्चित की जाए,विद्यालय की विशेष पहचान कैसे की जाए जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर संवाद किया गया। ।इस अवसर पर एआरपी महिमा दीक्षित,शिखा भारतीय, मोहम्मद एजाज रिजवी,ओम सक्सेना,उमेंश गंगवार,राजीव शर्मा,धर्मेंद्र कुमार,शुभम गंगवार,दमयंती,एकता सागर, विमला देवी,धीरेंद्र सिंह सेंगर,सुनीता देवी,सुमन गंगवार,कमलेश देवी,मोहम्मद हनीफ,शकील अहमद,मोहम्मद विरासत अली,विजेंद्र सिंह आदि समेत बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

# एक घंटे में निपटी चकबंदी चौपाल,समाधान नहीं

संवाददाता,फतेहगंज पश्चिमी

**अमृत विचार :** रहपुरा जागीर गांव में चल रही चकबंदी प्रक्रिया को लेकर बुधवार को पंचायत घर में अधिकारियों ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं, लेकिन यह चौपाल महज औपचारिकता बनकर रह गई। आरोप है कि अफसर सिर्फ एक घंटे बैठकर ही लौट गए, जिससे ग्रामीणों में भारी नाराजगीहै।

ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारी करीब 3 बजे गांव पहुंचे और 4 बजे से पहले ही वापस चले गए। इतने कम समय में न तो सभी की शिकायतें सुनी गईं और न ही किसी समस्या का मौके पर समाधान किया गया। चौपाल में पहुंचे अधिकारियों में उप संचालक चकबंदी, बंदोबस्त अधिकारी पवन कुमार, चकबंदी अधिकारी श्याम नारायण अग्निहोत्री और सहायक चकबंदी अधिकारी नीलम शिल्पी शामिल रहे। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि शिकायत रखने पर कुछ अफसरों ने उन्हें डांटकर चुप करा दिया।

गांव में पिछले एक साल से चल रही चकबंदी प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए गए। ग्रामीण सुरेश कुमार, बुद्धसेन, राधेश्याम आदि ने बताया कि उनके चक ऐसी जगह काट दिए गए हैं जहां पहले से अवैध मकान बने हुए हैं। कब्जा न मिलने से किसान परेशान हैं। ग्रामीण तीर्थराम ने बताया कि करीब दो दर्जन चकों के लिए कोई चकमार्ग ही नहीं छोड़ा गया है। दलित बस्ती के लिए भी रास्ता नहीं दिया गया। साथ ही आरोप लगाया कि कानूनगो और लेखपाल ने मिलीभगत कर कई 'उड़ान चक' बना दिए हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि बड़ी संख्या में मामले डीडीसी और एसओसी कोर्ट में पहले से लंबित हैं, इसके बावजूद चौपाल में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। धांधली के आरोपों पर भी किसी जिम्मेदार के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई।



चकबंदी अधिकारियों ने चौपाल लगाकर सुनी ग्रामीणों की शिकायतें। ● अमृत विचार

- रहपुरा जागीर में जुटे ग्रामीणों की शिकायतों का एक भी हल नहीं,नाराजगी जताई

## दक्षिण अफ्रीका से लौटे महंत का पुष्प वर्षा कर स्वागत

**आंवला अमृत विचार :** श्याम जी मंदिर मनौना धाम के पीठाधीश्वर महंत ओमेन्द्र महाराज अपनी साउथ अफ्रीका तंजानिया की धार्मिक यात्रा से वापस लौटने पर मनौना धाम पर भव्य स्वागत किया गया। वे वहां पर प्रवासी भारतीयों व स्थानीय श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देने के बाद लौटे थे।

मंगलवार को मंदिर के प्रबंधक,सेवादारों व दुकानदारों ने पुष्प वर्षा कर ढोल नगाड़ों के साथ महाराज का भव्य स्वागत किया। इस दौरान महेन्द्र पाल सिंह,आर्येन्द्र सिंह चौहान,अभयेन्द्र सिंह,धीरेन्द्र सिंह,श्यामेन्द्र सिंह चौहान,गौरव पाठक,मानवेन्द्र सिंह आदि रहे।

